# अध्याय–5 मुद्रण संस्कृति और आधुनिक दुनिया

## लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**प्रश्न 1. खुशनवीसी से आप क्या समझते है?**

**उत्तर–** किताबों का सुलेखन या खुशनवीसी करने वाले लोग दक्ष सुलेखक या खुशखत होते थे, जो हाथ से बड़े सुंदर–सुडौल अक्षरों में सही–सही कलात्मक लिखाई करते थे।

**प्रश्न 2. डायमंड सूत्र क्या है?**

**उत्तर–** डायमण्ड सूत्र जापान की सबसे पुरानी 868 ई. में छपी पुस्तक है, जिसमें पाठ के साथ–साथ काठ पर खुदे चित्र है।

**प्रश्न 3. कितागावा उतामारों क्यों प्रसिद्ध है?**

**उत्तर–** 1753 ई. में एदो में पैदा हुए उतामारो ने 'उकियो' नाम की एक नयी चित्रकला शैली में अहम योगदान किया, जिनमें आम शहरी जीवन का चित्रण किया गया। इनकी छपी प्रतियाँ यूरोप और अमेरिका पहुँची और माने, मोने और वान गॉग जैसे चित्रकारों को प्रभावित किया।

**प्रश्न 4. बेलम सतह के बारे में संक्षिप्त बताइए।**

**उत्तर–** वेलम, चर्म–पत्र या जानवरों के चमड़े से बनी लेखन सतह है। मुद्रित किताबों को सस्ती, अश्लील मानने वाले कुलीन वर्गों और भिक्षु–संघों के लिए छपी किताबों के विलासी संस्करण अभी भी बेशकीमती वेलम या चर्म–पत्र पर ही छपते थे।

**प्रश्न 5. बुड ब्लॉक क्या एवं किस देश से सम्बन्धित था?**

**उत्तर–** बुड ब्लॉक मुद्रण के रूप में बौद्ध ग्रंथों का कोरियाई संग्रह है। चीन के पास वुडब्लॉक वाली छपाई की तकनीक पहले से मौजूद थी। मार्को पोलो यह ज्ञान अपने साथ लेकर इटली लौटा।

**प्रश्न 6. प्रिंटिंग प्रेस के अविष्कारक कौन, कहा के थे?**

**उत्तर–** गुटेन्बर्ग प्रिंटिंग प्रेस के आविष्कारक थे, जो एक व्यापारी के पुत्र थे। गुटेन्बर्ग स्ट्रेसबर्ग के योहान के निवासी थे। उनके द्वारा सर्वप्रथम छापी गई किताब 'बाइविल' थी।

**प्रश्न 7. प्लाटेन के बारे में दो लाइने लिखिए।**

**उत्तर–** लेटरप्रेस छपाई में प्लाटेन एक बोर्ड होता है, जिसे कागज के पीछे दबाकर टाइप की छाप ली जाती थी। पहले यह बोर्ड काठ का होता या बाद में इस्पात का बनने लगा।

**प्रश्न 8. मुद्रण क्रान्ति से आप क्या समझते है?**

**उत्तर–** मुद्रण क्रांति क्या थी ? छापेखाने का आविष्कार महज तकनीकी दृष्टि से नाटकीय बदलाव की शुरूआत नहीं था। पुस्तक उत्पादन के नए तरीकों ने लोगों की जिंदगी बदल दी, इसकी बदौलत सूचना और ज्ञान से, संस्था और सत्ता से उनका रिश्ता ही बदल गया। इससे लोकचेतना बदली और बदला चीजों को देखने का नजरिया।

**प्रश्न 9. गाथा गीत से आप क्या समझते है?**

**उत्तर–** लोकगीत का ऐतिहासिक आख्यान, जिसे गाया या सुनाया जाता है।

**प्रश्न 10. निरंकुशवाद शब्द किसके अर्थ में प्रयोग होता है?**

**उत्तर–** निरंकुशवाद राजकाज की ऐसी व्यवस्था है, जिसमें किसी एक व्यक्ति को सम्पूर्ण शक्ति प्राप्त हो और उस पर न कानूनी पाबंदी लगी हो, न ही संवैधानिक।

18वीं सदी के फ्रांस के उपन्यासकार लुई सेबेस्तिएँ मर्सिए ने घोषणा की, ''छापाखाना प्रगति का सबसे ताकतवर औजार

है, इससे बन रही जनमत की आँधी में निरंकुशवाद उड़ जाएगा।''

**प्रश्न 11. विश्व में मुद्रण तकनीक का आरम्भ किस महाद्धीप से हुआ?**

**उत्तर–** विश्व में मुद्रण कतकनीक का आरंभ यूरोप महाद्वीप में हुआ।

**प्रश्न 12. पाण्डुलिपियॉ क्या है?**

**उत्तर–** पांडुलिपियाँ ताड़ के पत्तो या हाथ से बने कागज पर नकल कर बनाई जाती थी। यह बहुत नाजुक होती थी व मँहगी भी होती थी। उन्हें बहुत सावधानी से पकड़ना होता था, इसलिए उनका व्यापक दैनिक इस्तेमाल नहीं होता था।

**प्रश्न 13. बुड ब्लाक (काठ की तख्ती) वाली छपाई यूरोप में 1295 के बाद आई।**

**उत्तर–** 1295 तक यूरोप में बुडब्लॉक प्रिंट या तख्ती की छपाई न आने के निम्न कारण थे।

1295 ई. में मार्को पोलो नामक महान खोजी यात्री चीन में काफी साल बितना के बाद इटली वापस लौटा। चीन के पास वडब्लॉक (काठ की तख्ती) वाली छपाई की तकनीक पहले से मौजूद थी। मार्को पोलो यह ज्ञान अपने साथ लेकर लौटा।

**प्रश्न 14. वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट के बारे में संक्षिप्त वर्णन करें।**

**उत्तर–** वर्नाक्यूलर या देशी प्रेस एक्ट 1878 में लागू किया। 1875 के विद्रोह के बाद ज्यों-ज्यों भाषाई राष्ट्रवाद के समर्थन में मुखर होते गए, त्यों-त्यों सरकार में कड़े नियंत्रण के प्रस्ताव पास होने लगे और इसी का परिणाम था 1878 व वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट। इससे सरकार को भाषाई प्रेस और संपादकीय को सेंसर करने का निर्णय लिया गया। अगर किसी रपट को बागी करार दिया। अखबार को पहले चेतावनी दी जाती थी और अगर चेतावनी की अनसुनी की जाती तो अखबार को जब्त किया जा सकता था और छपाई की मशीनें छीन ली जाती थीं। इस तरह यह एक्ट देशी प्रेस का मुँह बंद करने के लिए लाया गया था।

**प्रश्न 15. मार्कोपोलो कौन था?**

**उत्तर–** मार्कोपोलो महान खोजी था। वह चीन में काफी साल तक खोज करने के बाद इटली वापस लौटा।

**प्रश्न 16. भारत में पुर्नजागरण आन्दोलन के पिता कौन है?**

**उत्तर–** राजा राम-मोहन राय को भारत में पुर्नजागरण आंदोलन का जनक कहा जाता है।

**प्रश्न 17. छपाई भारत में कौन लाये थे?**

**उत्तर–** प्रिंटिंग प्रेस पहले-पहले 16वीं सदी में भारत के गोवा में पुर्तगाली धर्म प्रचारकों के साथ आया। जेसुइट पुजारियों ने कोंकणी सीखी और कई सारी पुस्तिकाएँ छापीं।

**प्रश्न 18. प्रोटेस्टेट धर्म किस धर्म का सुधारात्मक रूप था?**

**उत्तर–** प्रोटेस्टेंट धर्म कैथोलिक धर्म का सुधारात्मक रूप था।

**प्रश्न 19. धर्म सुधार आन्दोलन में मार्टिन लूथर।**

**उत्तर–** मार्टिन लूथर प्रोटेस्टेंट सुधारकों में से एक थे। धर्म सुधारक - लूथर ने रोमन कैथोलिक चर्च की कुरीतियों की आलोचना करते हुए अपनी पिच्चानवें स्थापनाएँ लिखीं। इसकी एक छपी प्रति विटेनबर्ग के गिरजाघर के दरवाजे पर टाँगी गई। इसमें लूथर न चर्च को शास्त्रार्थ के लिए चुनौती दी थी। जल्द ही लूथर के लेख बड़ी तादात में छापे और पढ़े जाने लगे। इसके नतीजे में चर्च में विभाजन हो गया और प्रोटेस्टेंट धर्मसुधार की शुरूआत हुई। कुछ ही हफ्तों में न्यू टेस्टामेंट के लूथर के तर्जुमे या अनुवाद की 5000 प्रतियाँ बिक गई। प्रिंट के प्रति तहेदिल से कृतज्ञ लूथर ने कहा, ''मुद्रण ईश्वर की दी हुई महानतम देन है, सबसे बड़ा तोहफा।''

**प्रश्न 20. कागज का अविष्कार कब हुआ?**

**उत्तर–** कागज का आविष्कार करने वाले शख्स का नाम है Cailun जो चीन के रहने वाले थे। इन्होंने 202 ई.पू. हान राजवंश के समय में काज का आविष्कार किया था। लेकिन चीन के बाद भारत ही वह देश है जहाँ कागज बनाने और इस्तेमाल किए जाने के प्रमाण मिले हैं।

**प्रश्न 21. यूरोप में पहली प्रिंटिंग प्रेस का अविष्कार किसने किया?**

**उत्तर–** यूरोप में पहली प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार स्ट्रैसबर्ग के योहान गुटेन्बर्ग ने किया था।

**प्रश्न 22. कौन-सा धर्म-सुधारक प्रोटेस्टेंट धर्म सुधार के लिए उत्तरदाई है?**

**उत्तर–** मार्टिन लूथर।

**प्रश्न 23. गुटेनवर्ग की पहली छापी गई पुस्तक कौन थी?**

**उत्तर–** गुटेन्बर्ग की पहली छापी गई किताब 'बाइबिल' थी। वह तकरीबन 180 प्रतियाँ बनाने में उसे 3 साल लगे।

**प्रश्न 24. पुस्तकों का पेपर-ब्रेक संस्करण कब प्रकाशित हुआ?**

**उत्तर–** पुस्तकों का पेपर बैक संस्करण 1930 की आर्थिक मंदी के समय से प्रकाशित हुआ। आर्थिक मंदी के कारण प्रकाशकों को किताबों की बिक्री गिरने का भय हुआ तब, पाठकों की जेब का ख्याल रखते हुए उन्होंने सस्ते पेपर बैक या अजिल्द संस्करण छापे।

**प्रश्न 25. कौन–सा साधन विशेषकर महिलाओं के लिये था?**

उत्तर– पैनी मैंगजींस या एकपैसिया पत्रिकाएँ खासतौर पर महिलाओं के लिए थी।

**प्रश्न 26. इंग्लैंड में फेरीवालों द्वारा 1 पैसे में बेची जाने वाली किताबो को क्या कहते थे?**

उत्तर– इग्लैंड मे पेनी चैपबुक्स या एकपैसिया किताबें बेचने वालों को चैपमेन कहा जाता था।

**प्रश्न 27. भारत में पहली पुस्तक किसने छापी थी?**

उत्तर– प्रिंटिंग प्रेस पहले–पहले 16वीं सदी में भारत में गोवा में पुर्तगाली धर्म प्रचारकों के साथ आया। जेसुइट पुजारियों ने कोंकणी सीखी और कई सारी पुस्तिकाएँ छापी।

**प्रश्न 28. गुलामगिरि पुस्तक के लेखक कौन थे?**

उत्तर– 'गुलामगिरी' पुस्तक के लेखक निम्न जातीय आंदोलनों के मराठी प्रणेता ज्योतिबा फुले थे।

**प्रश्न 29. गुटेनवर्ग किस देश के थे?**

उत्तर– गुटेनबर्ग स्ट्रैसबर्ग (यूरोप) देश से थे।

**प्रश्न 30. मुद्रण–युग के पहले पाण्डुलिपियॉ किस पर लिखी जाती थी?**

उत्तर– पांडुलिपियाँ ताड़ के पत्तों या हाथ से बने कागज पर लिखी जाती थी।

**प्रश्न 31. गीत–गोविन्द पुस्तक की रचना किसने, कब की ?**

उत्तर– गीत गोविंद की रचना जयदेव ने 1116 ई. में की। ❑